# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सीईएन - 07/2025 - एनटीपीसी पूर्व-स्नातक स्तर - CEN - 07/2025 - NTPC UNDER GRADUATE LEVEL

| | |
|---|---|
| Test Date | 20/06/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC UnderGraduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Mathematics**

**Q.1** प्रिया ने एक बैंक में ₹3200 की धनराशि 12% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर निवेश की। यदि वह अपनी धनराशि 5 वर्षों तक बैंक में रखती है, तो उसे कुल कितना ब्याज प्राप्त होगा?

**Ans**
- ✗ A. ₹1910
- ✗ B. ₹1940
- ✓ C. ₹1920
- ✗ D. ₹1930

**Q.2** एक गोलाकार गुब्बारे की त्रिज्या में 20% की वृद्धि हुई है। इसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 22%
- ✓ B. 44%
- ✗ C. 40%
- ✗ D. 20%

**Q.3** दो बराबर राशियाँ, एक 5% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर और दूसरी 7% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 2 वर्ष के लिए उधार दी जाती हैं। यदि दोनों राशियों पर अर्जित साधारण ब्याज का अंतर ₹40 है, तो प्रत्येक राशि का मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 800
- ✓ B. 1,000
- ✗ C. 1,400
- ✗ D. 1,200

**Q.4** एक कंपनी की तीन शाखाएं हैं। शाखा A में 40 कर्मचारी हैं जिनकी औसत मासिक बिक्री ₹1,20,000 है; शाखा B में 30 कर्मचारी हैं जिनकी औसत मासिक बिक्री ₹1,80,000 है; और शाखा C में 30 कर्मचारी हैं जिनकी औसत मासिक बिक्री ₹1,50,000 है। कंपनी की प्रति कर्मचारी औसत मासिक बिक्री (₹ में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 1,50,000
- ✗ B. 1,60,000
- ✓ C. 1,47,000
- ✗ D. 1,20,000

Q.5 एक व्यवसाय में, P ने ₹2,00,000 का निवेश 8 महीने के लिए किया, Q ने ₹1,50,000 का निवेश 9 महीने के लिए किया और R ने ₹1,20,000 का निवेश कुछ पूर्ण महीनों (complete months) के लिए किया। एक वर्ष के पश्चात, लाभ में से R को Q से अधिक लाभ प्राप्त होता है, लेकिन P से कम लाभ प्राप्त होता है। यदि R को ₹72,000 का लाभ प्राप्त होता है, तो P का लाभ ₹_______ है।

Ans
- ✗ A. 1,00,000
- ✗ B. 90,000
- ✓ C. 80,000
- ✗ D. 1,20,000

Q.6 वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 186, 321 और 402 को विभाजित करने पर, प्रत्येक स्थिति में शेषफल समान रहे।

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 23
- ✗ C. 19
- ✓ D. 27

Q.7 20 नोटबुक, 100 पेन और 50 पेंसिल ₹3,500 में खरीदी गईं। यदि एक नोटबुक की औसत लागत ₹50 है और एक पेंसिल की औसत लागत ₹10 है, तो एक पेन की औसत लागत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. ₹25
- ✗ B. ₹16
- ✓ C. ₹20
- ✗ D. ₹15

Q.8 किसी शहर में सम षट्भुज के आकार का एक ऐसा नया पार्क बनाने की योजना बनाई जाती है, जिसकी प्रत्येक भुजा का माप 10 मीटर है। निम्नलिखित में से कौन-सा मान इस पार्क के क्षेत्रफल का निकटतम मान होगा?

Ans
- ✗ A. 150 वर्ग मीटर
- ✗ B. 600 वर्ग मीटर
- ✗ C. 173.2 वर्ग मीटर
- ✓ D. 259.8 वर्ग मीटर

Q.9 यदि दो संख्याओं का अनुपात 6 : 4 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 49 है, तो उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 294
- ✗ B. 298
- ✗ C. 295
- ✗ D. 287

Q.10 A और B एक काम को क्रमशः 12 और 24 दिनों में पूरा कर सकते हैं। दोनों 4 दिन काम करते हैं और फिर A काम छोड़कर चला जाता है। शेष काम को पूरा करने में B को कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 13
- ✗ B. 11
- ✗ C. 14
- ✓ D. 12

Q.11 $\sqrt{196} - \sqrt{81} + (\sqrt{16})^2$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✗ A. 5
- ✗ B. 14
- ✗ C. 7
- ✓ D. 21

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या 68 से विभाज्य नहीं है?
( i ) 17350
( ii ) 23800
( iii ) 28560
( iv ) 35350

Ans
- ✗ A. ( ii ) और ( iii )
- ✓ B. ( i ) और ( iv )
- ✗ C. ( i ) और ( ii )
- ✗ D. ( iii ) और ( iv )

Q.13 एक सेल के दौरान, 50% माल 21% के लाभ पर बेचा जाता है, शेष माल का 30% माल 43% के लाभ पर बेचा जाता है और शेष माल 17% की हानि पर बेचा जाता है। यदि कुल लाभ x% है, तो x का मान कितना होगा?

Ans
- ✓ A. 11
- ✗ B. 12
- ✗ C. 11.5
- ✗ D. 10.5

Q.14 किसी इमारत की छत पर एक ध्वजदंड लगा है। इमारत के आधार से 25 मीटर दूर स्थित एक बिंदु से ध्वजदंड के शीर्ष तक का उन्नयन कोण 60° है, और इमारत के शीर्ष तक का उन्नयन कोण 30° है। ध्वजदंड की ऊंचाई ज्ञात कीजिए। (अपने उत्तर को निकटतम मीटर तक पूर्णांकित करें, और √3 = 1.7 का उपयोग करें।)

Ans
- ✗ A. 35 m
- ✗ B. 31 m
- ✗ C. 30 m
- ✓ D. 29 m

Q.15 $\left\{\frac{12}{27} \div \frac{12}{2}\right\} \div \left(\frac{1}{11} \times \frac{22}{3} + \frac{5}{9}\right) + \frac{2}{9} \div \frac{33}{22} \text{ of } \frac{22}{9}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\frac{4}{33}$
- ✗ B. $\frac{14}{41}$
- ✗ C. $-\frac{1}{8}$
- ✗ D. $\frac{9}{23}$

Q.16 एक क्लब को एक वर्ष के दौरान सदस्यता शुल्क से ₹7,643 की आय और पुराने खेल उपस्कर बेचने से ₹2,198 की आय हुई। वर्ष के प्रारंभ में, सदस्यता शुल्क में ₹1,105 बकाया था, और वर्ष के अंत में ₹916 फिर भी बकाया था। यदि क्लब ने खेल सामग्री पर ₹5,287 और अनुरक्षण पर ₹3,120 का व्यय किया, तो वर्ष के लिए क्लब का अधिशेष या घाटा कितना है?

Ans
- ✗ A. ₹2,613 अधिशेष
- ✗ B. ₹2,613 घाटा
- ✓ C. ₹1,245 अधिशेष
- ✗ D. ₹1,975 घाटा

Q.17 तीन संख्याओं में से पहली संख्या 25 है और तीसरी संख्या 100 है। यदि दूसरी संख्या, पहली और तीसरी संख्या के बीच माध्यानुपाती है, तो दूसरी संख्या का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 75
- ✗ B. 40
- ✓ C. 50
- ✗ D. 45

Q.18 एक दुकानदार ₹500 में एक वस्तु खरीदता है और उसे ₹575 में बेचता है, तो उसे कितने प्रतिशत लाभ प्राप्त हुआ?

Ans
- ✗ A. 20%
- ✗ B. 10%
- ✗ C. 12.5%
- ✓ D. 15%

Q.19 पांच अंकीय संख्या 7549A, 4 और 3 से विभाज्य है। इस संख्या को 12 से विभाजित करने पर प्राप्त होने वाला शेषफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 1
- ✗ C. 2
- ✓ D. 0

Q.20 एक मिश्रण में दूध और पानी का अनुपात 5 : 3 है। यदि इसमें 48 लीटर पानी मिलाया जाता है, तो अनुपात 5 : 5 हो जाता है। दूध की प्रारंभिक मात्रा ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 110 लीटर
- ✗ B. 115 लीटर
- ✓ C. 120 लीटर
- ✗ D. 125 लीटर

Q.21 एक दुकानदार एक ही अंकित मूल्य वाले खिलौनों पर निम्नलिखित स्कीमें प्रदान करता है-
(A) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 6% और 39% की क्रमिक छूट
(B) कितनी भी संख्या में खरीदे गए खिलौनों पर 48%, 16% और 11% की क्रमिक छूट
(C) पहले 2 खिलौनों पर 37% की छूट और उसके बाद प्रत्येक खिलौने पर 29% की छूट
(D) 4 खिलौने खरीदने पर 2 खिलौने मुफ्त
एक ग्राहक 4 खिलौने खरीदना चाहती है। ऊपर दी गई स्कीमों में से कौन-सी स्कीम उसके लिए सबसे कम लाभप्रद है?

Ans
- ✗ A. D
- ✗ B. B
- ✗ C. A
- ✓ D. C

Q.22 कोई दुकानदार, ₹800 कीमत वाली एक कमीज पर 30% की एकल छूट देता है, अथवा उसी कमीज पर 25% और 5% की दो क्रमिक छूट देता है। दोनों ऑफर के बीच कुल छूट राशि में अंतर कितना है?

Ans
- ✗ A. ₹14
- ✗ B. ₹16
- ✗ C. ₹20
- ✓ D. ₹10

Q.23 एक साइकिल सवार शहर A से शहर B तक 78 km की दूरी 13 km/h की चाल से तय करता है। वह शहर B से शहर A तक 26 km/h की चाल से वापस आता है। संपूर्ण यात्रा में कुल कितना समय (घंटों में) लगा?

Ans
- ✗ A. 10
- ✗ B. 8
- ✗ C. 7
- ✓ D. 9

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.24 | एक त्रिभुज की भुजाओं की लंबाई 5 cm, 12 cm, और 13 cm है। यदि सबसे लंबी भुजा के सम्मुख शीर्ष से सबसे लंबी भुजा पर एक लंब खींचा जाए, तो लंब की लंबाई क्या होगी? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए) | |
| Ans | ✔ A. 4.62 cm<br>✗ B. 5.08 cm<br>✗ C. 6.51 cm<br>✗ D. 5.37 cm | |

| | |
|---|---|
| Q.25 | $22^3 + (-6)^3 + (-16)^3$ का मान ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 6099<br>✗ B. 6147<br>✔ C. 6336<br>✗ D. 6127 |

| | |
|---|---|
| Q.26 | जब किसी वस्तु की कीमत में 7% की कमी की गई, तो बेची गई वस्तुओं की संख्या में 20% की वृद्धि हुई। राजस्व पर इसका क्या प्रभाव (प्रतिशत में) पड़ा? |
| Ans | ✗ A. 9.6% की कमी<br>✔ B. 11.6% की वृद्धि<br>✗ C. 10.6% की कमी<br>✗ D. 10.4% की वृद्धि |

| | |
|---|---|
| Q.27 | एक व्यक्ति कुल दूरी का आधा भाग 30 km/h की चाल से और शेष आधा भाग 60 km/h की चाल से तय करता है। यदि कुल दूरी 120 km है, तो व्यक्ति को संपूर्ण यात्रा पूरी करने में कितना समय लगेगा? |
| Ans | ✗ A. 5 घंटे<br>✗ B. 4 घंटे<br>✗ C. 2.5 घंटे<br>✔ D. 3 घंटे |

| | |
|---|---|
| Q.28 | एक होस्टल के मासिक शुल्क में एक निश्चित राशि और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर परिवर्ती राशि शामिल है। 25 विद्यार्थियों के लिए कुल बिल ₹17,500 है। 40 विद्यार्थियों के लिए कुल बिल ₹25,000 है। 60 विद्यार्थियों के लिए कुल बिल कितना होगा? |
| Ans | ✔ A. ₹35,000<br>✗ B. ₹32,500<br>✗ C. ₹37,500<br>✗ D. ₹30,000 |

| | |
|---|---|
| Q.29 | दो बहनों, अनिका और रिया की संयुक्त वर्तमान आयु 34 वर्ष है। अब से पांच वर्ष पूर्व अनिका की आयु, रिया की आयु से दोगुनी थी। अनिका की वर्तमान आयु वर्ष में कितनी है? |
| Ans | ✔ A. 21<br>✗ B. 23<br>✗ C. 20<br>✗ D. 18 |

| | |
|---|---|
| Q.30 | एक टैंक पूरा भरा हुआ है। पाइप A और B, टैंक को क्रमशः 10 घंटे और 15 घंटे में खाली कर सकते हैं, जबकि पाइप C टैंक को 12 घंटे में भर सकता है। पाइप A और B को 2 घंटे तक खुला रखा जाता है, जिसके बाद पाइप C को भी खोल दिया जाता है। टैंक को पूरी तरह खाली होने में कितने घंटे लगेंगे? |
| Ans | ✗ A. 8 घंटे<br>✗ B. 6 घंटे<br>✔ C. 10 घंटे<br>✗ D. 4 घंटे |

Section : **General Awareness**

Q.31 किसी रासायनिक अभिक्रिया हेतु स्टोइकियोमेट्रिक गणना के लिए कौन-सी जानकारी आवश्यक है?

Ans
- ✗ A. अभिक्रिया का तापमान
- ✗ B. अभिक्रियकों के रंग
- ✓ C. एक संतुलित रासायनिक समीकरण
- ✗ D. प्रयुक्त उपकरण का प्रकार

Q.32 मई 2025 में नरेंद्र मोदी ने भारत के पहले डीपवॉटर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट (deepwater transshipment port) का उद्घाटन कहां किया गया था?

Ans
- ✗ A. महाराष्ट्र
- ✗ B. गुजरात
- ✗ C. कर्नाटक
- ✓ D. केरल

Q.33 निम्नलिखित में से कौन-सा कारक प्रवासन का कर्षण कारक (pull factor) नहीं है?

Ans
- ✓ A. सामाजिक-आर्थिक पिछड़ापन
- ✗ B. जीवन की सुरक्षा
- ✗ C. शांति एवं स्थिरता
- ✗ D. बेहतर जॉब के अवसर

Q.34 मई 2025 में, भारत ने पाकिस्तान में मिसाइल और ड्रोन हमलों से जुड़ा कौन-सा अभियान चलाया, जिससे तनाव काफी बढ़ गया?

Ans
- ✗ A. ऑपरेशन सनराइज (Operation Sunrise)
- ✗ B. ऑपरेशन ट्राइडेंट (Operation Trident)
- ✓ C. ऑपरेशन सिन्दूर (Operation Sindoor)
- ✗ D. ऑपरेशन होराइजन (Operation Horizon)

Q.35 ऋग्वेद में दिए गए संदर्भों के अनुसार, प्रारंभिक वैदिक आर्य ऐसे क्षेत्र में रहते थे जिसे _______ कहा जाता है।

Ans
- ✗ A. ब्रह्मवर्त
- ✗ B. मध्यदेश
- ✓ C. सप्त-सिंधु
- ✗ D. आर्यवर्त

Q.36 भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) ने निम्नलिखित में से किस शहर में EXCON 2025 के 13वें संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया?

Ans
- ✗ A. चंडीगढ़
- ✗ B. नई दिल्ली
- ✗ C. जयपुर
- ✓ D. बेंगलुरु

Q.37 विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन, 2024 किस शहर में आयोजित किया गया था?

Ans
- ✗ A. जिनेवा
- ✗ B. पेरिस
- ✗ C. लंदन
- ✓ D. बर्लिन

Q.38 निम्नलिखित में से कौन-सा अशोधित जन्म दर (CBR) के सही सूत्र को दर्शाता है, जहाँ B = वर्ष के दौरान जीवित जन्मों की संख्या; P = उस क्षेत्र की अनुमानित मध्यवर्ष जनसंख्या है?

Ans

✔ A. (जन्म ÷ जनसंख्या) × 1000

✘ B. (जन्म × जनसंख्या) ÷ 1000

✘ C. (जनसंख्या ÷ जन्म) × 100

✘ D. (जन्म + जनसंख्या) × 100

Q.39 विंडोज 11 में स्टार्ट मेनू ओपन करने के लिए किस कुंजी का उपयोग किया जाता है?

Ans

✔ A. Windows Key

✘ B. Shift

✘ C. Ctrl

✘ D. Enter

Q.40 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार की किस चिंता ने भारतीय सेना के पुनर्गठन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित किया?

Ans

✘ A. भारतीय सैनिकों की विदेशी तैनाती के कारण उत्पन्न होने वाले वित्तीय तनाव से बचना

✘ B. प्रतिबंधित शिक्षा के माध्यम से भारतीय सैनिकों की राजनीतिक जागरूकता को सीमित करना

✔ C. भारतीय सैनिकों द्वारा ब्रिटिश शासन के विरुद्ध भविष्य में होने वाले एकीकृत सैन्य विद्रोह को रोकना

✘ D. रणनीतिक सैन्य निर्णयों में भारतीय घुड़सवार इकाइयों के प्रभाव को कम करना

Q.41 भारत ने अक्टूबर 2025 में, स्वदेशी रूप से खोजी गई अपनी पहली एंटीबायोटिक विकसित की, जो प्रतिरोधी श्वसन संक्रमणों के प्रति प्रभावी है। इसका नाम क्या है?

Ans

✘ A. पेनिसिलिन-G (Penicillin-G)

✘ B. सेफिक्साइम (Cefixime)

✔ C. नैफिथ्रोमाइसिन (Nafithromycin)

✘ D. एज़िथ्रोमाइसिन (Azithromycin)

Q.42 1976 में (समिति की अनुशंसा के आधार पर) संविधान में अंततः कितने मौलिक कर्तव्यों को शामिल किया गया था?

Ans

✘ A. सात

✔ B. दस

✘ C. नौ

✘ D. छह

Q.43 भारत में पारिवारिक न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति निम्नलिखित में से कौन करता है?

Ans

✘ A. राष्ट्रपति

✘ B. केंद्रीय गृह मंत्री

✔ C. राज्य सरकार

✘ D. राज्यपाल

Q.44 वन्यजीव संरक्षण की कौन-सी रणनीति किसी एक प्रजाति की रक्षा करने के बजाये संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र की रक्षा करती है?

Ans

✔ A. स्व-स्थाने संरक्षण

✘ B. बंदी प्रजनन

✘ C. जैव विविधता हॉटस्पॉट

✘ D. बीज बैंक

Q.45 Windows 11 ऑपरेटिंग सिस्टम में, जब कोई एप्लिकेशन या विंडो ओपन नहीं हो, तब Alt + F4 दबाने से क्या होता है?

Ans
- ✗ A. Task Manager विंडो ओपन करता है
- ✗ B. डेस्कटॉप एनवायरनमेंट को रिफ्रेश करता है
- ✗ C. File Explorer विंडो लॉन्च करता है
- ✓ D. सिस्टम शटडाउन डायलॉग दिखाता है

Q.46 प्राचीन भित्ति चित्रों के लिए प्रसिद्ध बाघ गुफाएँ किस भारतीय राज्य में स्थित हैं?

Ans
- ✗ A. महाराष्ट्र
- ✗ B. छत्तीसगढ़
- ✗ C. ओडिशा
- ✓ D. मध्य प्रदेश

Q.47 डचों ने भारत में अपना प्रभुत्व मुख्य रूप से किस यूरोपीय शक्ति से हार के कारण खोया था?

Ans
- ✗ A. फ्रांसीसी
- ✗ B. पुर्तगाली
- ✓ C. ब्रिटिश
- ✗ D. डेनिश

Q.48 जब जल को 4°C से 0°C तक ठंडा किया जाता है, तो उसके लिए कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✗ A. आयतन और घनत्व दोनों बढ़ते हैं
- ✗ B. आयतन और घनत्व दोनों घटते हैं
- ✗ C. आयतन घटता है लेकिन घनत्व समान रहता है
- ✓ D. आयतन बढ़ता है लेकिन घनत्व घटता है

Q.49 आपके कंप्यूटर पर इंस्टॉल किया गया गेम ____________________ की श्रेणी में आता है।

Ans
- ✓ A. एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर
- ✗ B. डिवाइस ड्राइवर
- ✗ C. प्राइमरी मेमोरी
- ✗ D. सिस्टम यूटिलिटी

Q.50 अप्रैल 2025 में, किस यूरोपीय देश ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से बाहर निकलने की घोषणा की?

Ans
- ✓ A. हंगरी (Hungary)
- ✗ B. बुल्गारिया (Bulgaria)
- ✗ C. चेक गणराज्य (Czech Republic)
- ✗ D. स्लोवाकिया (Slovakia)

Q.51 कर्नाटक संगीत पद्धति को संहिताबद्ध (codifying) करने का श्रेय किसे दिया जाता है?

Ans
- ✗ A. कनक दास
- ✓ B. पुरंदर दास
- ✗ C. गोपाल दास
- ✗ D. जगन्नाथ दास

Q.52 जनवरी 2025 तक की स्थिति के अनुसार, अधिकतम पोतनिर्माण क्षमता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प भारत का सबसे बड़ा पोतनिर्माण केंद्र था?

Ans
- ✓ A. कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL)
- ✗ B. मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड
- ✗ C. गोवा शिपयार्ड लिमिटेड
- ✗ D. कट्टुपल्ली शिपयार्ड

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.53 गतिमान पिंड की गतिज ऊर्जा को कौन-कौन सी राशियां प्रभावित करती है?

Ans
- ✗ A. केवल द्रव्यमान
- ✗ B. इसका आकार
- ✓ C. द्रव्यमान और वेग दोनों
- ✗ D. केवल वेग

Q.54 विंडोज 11 (Windows 11) में, कमांड प्रॉम्प्ट में dir /s /b "syllabus.pdf" उपयोग करने का उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✗ A. “report.pdf” का फाइल साइज और एट्रिब्यूट (attribute) दिखाना
- ✗ B. “syllabus.pdf” को एक नए डेस्टिनेशन फोल्डर (destination folder) में कॉपी करना
- ✓ C. सभी नेस्टेड फोल्डरों से “syllabus.pdf” के फुल फाइल पाथ (full file path) का लिस्ट बनाना
- ✗ D. डिफॉल्ट PDF व्यूअर का उपयोग करके “syllabus.pdf” ओपेन करना

Q.55 1828 में राजा राम मोहन रॉय द्वारा किस संगठन की स्थापना की गई थी?

Ans
- ✗ A. आर्य समाज
- ✓ B. ब्रह्म समाज
- ✗ C. रामकृष्ण मिशन
- ✗ D. प्रार्थना समाज

Q.56 दिल्ली सल्तनत के दौरान खुत, मुकद्दम और पटवारी _________ थे।

Ans
- ✓ A. ग्राम पदाधिकारी
- ✗ B. शाही दरबार के पदाधिकारी
- ✗ C. प्रांतीय पदाधिकारी
- ✗ D. नगर पदाधिकारी

Q.57 निम्नलिखित में से किस संशोधन के अंतर्गत कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली भाषाओं को आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था?

Ans
- ✗ A. 63वां संशोधन
- ✓ B. 71वां संशोधन
- ✗ C. 42वां संशोधन
- ✗ D. 52वां संशोधन

Q.58 अनुच्छेद 39A के अनुसार, राज्य क्या सुनिश्चित करेगा?

Ans
- ✗ A. अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना
- ✗ B. धार्मिक स्वतंत्रता प्रदान करना
- ✓ C. निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना
- ✗ D. स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना

Q.59 पश्चिमी विद्वान पिशेल (Pishel) ने संस्कृत नाटकों में 'सूत्रधार' और 'स्थापक' शब्दों को किससे जोड़ा है?

Ans
- ✗ A. धार्मिक अनुष्ठान
- ✗ B. शास्त्रीय नृत्य प्रदर्शन
- ✓ C. कठपुतली नृत्य परंपरा
- ✗ D. प्राचीन संगीत वाद्ययंत्र

Q.60 उन उद्यमियों के लिए PMMY के तहत उपलब्ध अधिकतम ऋण राशि कितनी है, जिन्होंने पिछली ‘तरुण’ श्रेणी के ऋणों को सफलतापूर्वक चुका दिया है?

Ans
- ✓ A. ₹20 लाख
- ✗ B. ₹5 लाख
- ✗ C. ₹50 लाख
- ✗ D. ₹10 लाख

Q.61 DNA और RNA, _______ की दीर्घ श्रृंखलाओं से निर्मित बहुलक हैं।

Ans
- ✗ A. मोनोसैकेराइड
- ✗ B. वसा-अम्ल
- ✗ C. ऐमीनो अम्ल
- ✓ D. न्यूक्लियोटाइड

Q.62 अक्टूबर 2025 में दिल्ली में क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) ट्रायल को अंजाम देने में किस संस्थान ने सहायता की थी?

Ans
- ✗ A. IIT बॉम्बे
- ✗ B. IIT मद्रास
- ✗ C. IIT गुवाहाटी
- ✓ D. IIT कानपुर

Q.63 भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र, स्थानीय रूप से प्लाया (playas) के नाम से जानी जाने वाली खारी झीलों से पहचाना जाता है?

Ans
- ✗ A. पश्चिमी घाट
- ✗ B. मालाबार तट
- ✓ C. थार मरुस्थल
- ✗ D. दक्कन का पठार

Q.64 किस वर्ष से PDL (पार्लियामेंट डिजिटल लाइब्रेरी) के पास विधायी बहसों के डिजिटलीकृत पुरालेख (digitized archives) उपलब्ध हैं?

Ans
- ✗ A. 1900
- ✗ B. 1953
- ✗ C. 1947
- ✓ D. 1854

Q.65 भारत सरकार ने किस वर्ष ओडिया (Odia) को शास्त्रीय भाषा घोषित किया?

Ans
- ✗ A. 2005
- ✓ B. 2014
- ✗ C. 2017
- ✗ D. 2004

Q.66 2022-23 में भारतीय सीमेंट उद्योग में स्थापित सीमेंट क्षमता और उत्पादन क्रमशः कितना था?

Ans
- ✗ A. 250 MT और 151 MT
- ✗ B. 500 MT और 231 MT
- ✓ C. 600 MT और 391 MT
- ✗ D. 300 MT और 181 MT

Q.67 उद्योगों के संबंध में भारत में 1991 के आर्थिक सुधारों का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans
- ✗ A. कृषि उत्पादन को कम करना
- ✓ B. निजीकरण और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना
- ✗ C. विदेशी निवेश को कम करना
- ✗ D. सरकारी नियंत्रण बढ़ाना

Q.68 अम्ल वर्षा के निर्माण में मुख्य योगदान किस गैस का होता है?

Ans
- ✓ A. सल्फर डाइऑक्साइड
- ✗ B. मेथेन
- ✗ C. हाइड्रोजन
- ✗ D. नियॉन

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.69 भारतीय सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

Ans ✔ A. परिवार वक्फ में महिला उत्तराधिकारियों को उनके उचित हिस्से की गारंटी नहीं दी गई है।

✘ B. इस विधेयक में केंद्रीय वक्फ परिषद में भी दो मुस्लिम महिला सदस्यों को रखा गया है।

✘ C. इस विधेयक का उद्देश्य मुस्लिम महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार करना भी है।

✘ D. इस विधेयक में राज्य वक्फ बोर्ड में दो मुस्लिम महिला सदस्यों को रखा गया है।

Q.70 कौन-सा अनुच्छेद, संवैधानिक कार्यचालन के दौरान राष्ट्रपति को निविदत्त मंत्रिस्तरीय परामर्श की न्यायिक जांच को निषिद्ध करता है?

Ans ✘ A. अनुच्छेद 72

✘ B. अनुच्छेद 78

✔ C. अनुच्छेद 74

✘ D. अनुच्छेद 76

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.71 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

41 D 44 C 9 A 21 B 7 = ?

Ans ✘ A. 3

✔ B. 0

✘ C. 1

✘ D. 2

Q.72 शब्द HARMFUL के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से चौथे अक्षर और दाईं ओर से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans ✘ A. 4

✘ B. 2

✔ C. 5

✘ D. 6

Q.73 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

VRX 1, TPV 4, RNT 9, PLR 16, ?

Ans ✔ A. NJP 25

✘ B. DOP 36

✘ C. GSP 49

✘ D. KPR 36

Q.74 उस समुच्चय का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएं संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(158, 141, 177)
(164, 147, 183)

Ans ✘ A. (146, 129, 163)

✘ B. (131, 114, 151)

✔ C. (119, 102, 138)

✘ D. (122, 105, 139)

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में, 'COLD' को '4928' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CLOG' को '7428' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'D' का कूट क्या होगा?

Ans
- ✔ A. 9
- ✗ B. 8
- ✗ C. 2
- ✗ D. 4

Q.76 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से BEGH का संबंध HKMN से है। उसी प्रकार, FIKM का संबंध LOQS से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LNPS का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✔ A. RTVY
- ✗ B. MOQT
- ✗ C. QSUX
- ✗ D. KMOR

Q.77 सात व्यक्ति, T, E, A, R, I, N और G, एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। T, I के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। E के दाएं कोई नहीं बैठा है। E और T के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, R के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। G और A के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✔ B. दो
- ✗ C. चार
- ✗ D. तीन

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और वे इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. BD - HJ
- ✗ B. HJ - NP
- ✔ C. EH - KM
- ✗ D. LN - RT

Q.79 Ay, Bx, Cu, Dq, Ep, Fv और Gt एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Cu, Fv के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। Gt, Cu के बाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है। Dq, Ep के ठीक बाएँ पड़ोस में बैठा है। Ay, Ep के दाएँ दूसरे स्थान पर बैठा है।
Bx के बाएँ से गिनती करने पर Bx और Ep के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. एक
- ✔ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. चार

Q.80 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

62 - 9 ÷ 94 + 480 × 15 = ?

Ans
- ✗ A. 611
- ✔ B. 620
- ✗ C. 606
- ✗ D. 629

Q.81 मि. योरली बिंदु A से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और पश्चिम की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 30 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 26 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 8 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है तथा बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
✔ A. 5 km, दक्षिण की ओर
✗ B. 6 km, उत्तर की ओर
✗ C. 3 km, पूर्व की ओर
✗ D. 2 km, पूर्व की ओर

Q.82 उत्तर दिशा की ओर अभिमुख, 42 लोगों की एक पंक्ति में, अमला बाएं छोर से 18वें स्थान पर बैठी है। यदि स्नेहा के दाईं ओर केवल 12 लोग बैठे हैं, तो अमला और स्नेहा के बीच कितने लोग बैठे हैं?

Ans
✔ A. 11
✗ B. 9
✗ C. 12
✗ D. 10

Q.83 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित एक निश्चित तरीके से ZACY का संबंध VWYU से है। उसी प्रकार, QRTP का संबंध MNPL से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए CDFB का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✔ A. YZBX
✗ B. YAAI
✗ C. YZAX
✗ D. YYAX

Q.84 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. KGD
✔ B. SOP
✗ C. QMJ
✗ D. VRO

Q.85 एक निश्चित कूट भाषा में, 'yak lock zip' को ' je tc ly' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'zip shirt cake' को 'rl jg tc' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'zip' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
✗ A. ly
✗ B. je
✗ C. rl
✔ D. tc

Q.86 दिए गए समीकरण को सही बनाने के लिए निम्नलिखित में से किन दो संख्याओं को आपस में बदलना चाहिए?

$(12 \times 8) \div 6 + 4 \times 13 - (36 \div 9) \times 15 + 25 = 49$

Ans
✔ A. 13 और 15
✗ B. 12 और 36
✗ C. 4 और 8
✗ D. 4 और 6

Q.87 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
152 140 134 122 116 104 ?

Ans
- ✗ A. 101
- ✗ B. 100
- ✓ C. 98
- ✗ D. 95

Q.88 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएँ से दाएँ की ओर की जानी चाहिए।)
(बाएँ) R U U K G S R E W Y P U K Q S T E Q Q U S V (दाएँ)
ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 1
- ✗ C. 2
- ✓ D. 0

Q.89 एक निश्चित कूट भाषा में,
A = B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A $ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A * B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'W * F = K $ L @ G' है, तो W का G से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी का भाई
- ✓ B. पत्नी का पिता
- ✗ C. भाई
- ✗ D. पिता

Q.90 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।

(बाएं) D E I V D I J Y T Z A K F Z S M U I Y E Q (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद एक स्वर है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. चार

Q.91 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. BM - EQ
- ✗ B. SZ - VD
- ✗ C. OA - RE
- ✓ D. WE - ZJ

Q.92 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

GTXI BXUK WBRM RFOO ?

Ans
- ✓ A. MJLQ
- ✗ B. NJKR
- ✗ C. MKLR
- ✗ D. NKKQ

Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.93 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई शृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
MQS QUW UYA YCE ?

Ans
- ✗ A. CDF
- ✓ B. CGI
- ✗ C. CHH
- ✗ D. CFH

Q.94 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत हो, यह तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं?
कथन:
सभी टेबल, डिब्बे हैं।
कुछ डिब्बे, डेस्कटॉप हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ टेबल, डेस्कटॉप हैं।
(II) कुछ डिब्बे, टेबल हैं।

Ans
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
- ✗ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.95 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी ड्राइंग, पहाड़ हैं।
सभी पहाड़, समतल हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ समतल, पहाड़ हैं।
(II) सभी ड्राइंग, समतल हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ C. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

Q.96 उत्तर की ओर अभिमुख 54 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, गगन दाएं छोर से 13वें स्थान पर है। यदि नितिन, गगन के बाएं 17वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से नितिन का स्थान क्या है?

Ans
- ✗ A. 30वां
- ✗ B. 27वां
- ✓ C. 25वां
- ✗ D. 23वां

Q.97 दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

3 ? 90 360 1080 2160 2160

Ans
- ✓ A. 18
- ✗ B. 36
- ✗ C. 21
- ✗ D. 15

Q.98 सात बॉक्स, I, J, K, L, Q, R और S, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं है कि वे इसी क्रम में हों।
केवल Q को I के ऊपर रखा गया है। I और S के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। R को I के ठीक नीचे रखा गया है। केवल K को L के नीचे रखा गया है।
J के ऊपर दूसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
- ✗ A. R
- ✗ B. S
- ✗ C. Q
- ✓ D. I

Q.99 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A - B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'।
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P ÷ Q - R + S × T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. बहन की पुत्री
- ✗ B. पुत्र की पुत्री
- ✗ C. पुत्री की पुत्री
- ✓ D. पति की माता

Q.100 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से SMAL का संबंध PIVF से है। उसी तरीके से, GWGN का संबंध DSBH से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, XKRV का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
- ✗ A. UGPM
- ✓ B. UGMP
- ✗ C. UPLO
- ✗ D. UMPG

"

Prepp Your Personal Exams Guide